तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 कोरिया में तीन दिवसीय राज्योत्सव की तैयारियां शुरू




## खबर संक्षेप

### 25 बरस में कोरिया में 151 सड़क बनीं

**बैकुण्ठपुर।** छग अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस दौरान राज्य के प्रत्येक जिले में विकास की गाथाएं लिखी गई हैं। कोरिया जिला भी इससे अछूता नहीं रहा। बीते 25 वर्षों में यहां सड़क निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2000 में जब राज्य का गठन हुआ था, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना या मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ जैसी योजनाओं का नाम तक ग्रामीण अंचलों में नहीं सुना गया था, लेकिन वर्ष 2025 तक का यह 25 वर्ष का सफर, सड़कों के निर्माण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 97 सड़कों का निर्माण किया गया, जिनकी कुल लंबाई 495.12 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में 25 सड़कों (83.20 किमी) और मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत 29 सड़कों (10.40 किमी) का निर्माण हुआ। इसके साथ ही 7 पुलों के निर्माण ने आवागमन को और सुगम बना दिया है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायता सेवा

**बैकुण्ठपुर।** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और सहायता को आमजन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने टेली-मानस योजना शुरू की है। यह एक राष्टीय स्तर की 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन चलने वाली मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन सेवा है, जिसके माध्यम से लोग अपने मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए मुफ्त परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। लोग टोल-फ्री नंबर 14416 पर कॉल करके प्रशिक्षित परामर्शदाताओं से बात कर सकते हैं। यह सेवा हिंदी, अंग्रेजी सहित 20 से अधिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे विभिन्न राज्यों और भाषाई क्षेत्रों के नागरिकों को आसानी से सहायता मिल सके। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना में दो-स्तरीय प्रणाली अपनाई गई है। पहले स्तर पर प्रशिक्षित परामर्शदाता आम समस्याओं जैसे तनाव, पारिवारिक कलह या कार्यस्थल के दबाव से निपटने में मदद करते हैं, जबकि दूसरे स्तर पर मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक गंभीर मानसिक समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करते हैं। टेली-मानस ऐप भी गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से लोग डिजिटल माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### हर घर स्वदेशी अभियान पर चर्चा



**चरचा कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी चरचा मंडल के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13 में संगठनात्मक बैठक का आयोजन श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई गई तथा आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अनिल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, आदित्य जायसवाल, पार्षद कुंडल साय, अमित कुमार, सिमरन श्रीवास्तव, पवन सहित वार्ड के अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

**हमले के दौरान बचाई थी चिरमिरी के सैलानियों की जान**

पहलगाम से सैलानियों को सुरक्षित निकालने वाला नजाकत पहुंचा चिरमिरी

# पहलगाम से सैलानियों को सुरक्षित निकालने वाला नजाकत पहुंचा चिरमिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना सैलानियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने वाले स्थानीय कश्मीरी जांबाज नजाकत अली के चिरमिरी पहुंचने पर नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने एक साथ मिलकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर नजाकत अली का सम्मान किया और उनके साहस की सराहना की। गौरतलब है कि बीते 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान नजाकत अली ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए चिररिमी के कई पर्यटकों की जान बचाई थी। उन्होंने जोखिम उठाते हुए घबराए हुए सैलानियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। उनके इस मानवीय कार्य की चर्चा पूरे देश-प्रदेश में हुई और सोशल मीडिया पर भी लोग उनके हौसले को सलाम कर रहे हैं। नजाकत अली ने कहा कि उन्होंने जो किया, वह इंसानियत के नाते किया। उस वक्त बस इतना खयाल था कि किसी की जान न जाए। उन्होंने कहा कि इंसानियत सबसे ऊपर है।



नजाकत का स्वागत करते लोग।



बच्चे को गोद में लिए नजाकत।

### 11 सदस्य फंसे थे हमले में

एमसीबी जिले के चिरमिरी से पर्यटन पर गए 4 परिवारों के 11 सदस्य पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान उस क्षेत्र में ही मौजूद थे। यह घटना उस समय सामने आई थी जब कुलदीप स्थापक, हैप्पी बधावन, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और भाजपा युवा नेता आशीष अग्रवाल अपने परिवार सहित श्रीनगर समेत जम्मू-कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों की यात्रा पर थे। इस दौरान पहलगाम में आतंकी हमला हो गया था, इस बीच स्थानीय कश्मीरी नजाकत भाई की वजह से सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित वहां से निकल सके थे।

### गर्म कपड़े का चिरमिरी में करते हैं व्यवसाय

प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों का व्यवसाय करने नजाकत अली एमसीबी जिले के चिरमिरी आते हैं। नजाकत हर साल चिरमिरी में गर्म कपड़ों का व्यापार करने आते थे और इनसे पहले से ही परिचित भी थे। चिरमिरीवासियों के बीच नजाकत अली ने अपने शब्दों को दोहराते हुए फिर से कहा कि उन्होंने जो किया, वह इंसानियत का फर्ज था, उस वक्त किसी का धर्म या पहचान नहीं, बस जान बचाना जरूरी था।

**जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया भाईदूज**

# भाइयों की खुशहाली के लिए बहनों ने की पूजा





भाईदूज पर पूजा-अर्चना करती बहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व भाईदूज 23 अक्टूबर को पूरे जिले में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। सुबह से ही घर-घर में पर्व की रौनक देखने को मिली। बहनों ने आरती की थाल सजाकर भाइयों के माथे पर चावल और कुमकुम का तिलक लगाया, सिर पर फूल चढ़ाए और मिठाई व पकवान खिलाए। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार, वस्त्र और गहने भेंट करते हुए उनकी रक्षा का संकल्प लिया। कई बहनों ने दिनभर व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और भाई को तिलक लगाने के बाद ही भोजन ग्रहण किया। कई स्थानों पर बहनों ने सामूहिक रूप से भी पूजा कर अपने भाइयों की खुशहाली और दीघार्यु की कामना की।

भाईदूज पर्व के अवसर पर गुरुवार को शहर के बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। मिठाई, उपहार, कपड़ों और पूजा सामग्री की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ देखने को मिली। दोपहर में पूजा के बाद घरों में पारिवारिक उल्लास का माहौल रहा। बच्चे आतिशबाजी और खेलकूद में मशगूल रहे। भाईदूज का उत्सव शाम तक मनाया जाता रहा।

**क्या है धार्मिक मान्यता:** पुरोहितों के अनुसार, भाईदूज पर्व की शुरूआत यमराज और उनकी बहन यमुना की कथा से जुड़ी है। कहा जाता है कि यमराज को जब समय मिला, वे अपनी बहन यमुना के घर कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन पहुंचे। यमुना ने उनका स्वागत कर तिलक लगाया और आरती उतारी। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने यमुना से वर मांगने को कहा। यमुना ने वर मांगा कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक कराएगा, उसे यमलोक का भय नहीं रहेगा, तभी से यह तिथि भाईदूज के रूप में मनाई जाने लगी।

**वाट्सएप पर मांगे 47 हजार**


# फर्जी कॉल से चिकित्सक का मोबाइल हैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ सिटी कोतवाली में डॉ. शर्मा ने दर्ज कराई शिकायत

कोरिया-एमसीबी जिले में साइबर अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला शर्मा अस्पताल के संचालक डॉ. राकेश शर्मा के मोबाइल फोन हैक होने का सामने आया है। अज्ञात साइबर ठगों ने डॉक्टर के मोबाइल को फर्जी कॉल के माध्यम से हैक कर लिया और बाद में उनके व्हाट्सएप पर परिचितों को संदेश भेजकर 47 हजार की मांग की।

घटना के बाद डॉ. शर्मा ने तत्काल 23 अक्टूबर की दोपहर 1 बजे सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार डॉक्टर राकेश शर्मा को एक अनजान नंबर से कॉल आया था। कॉल रिसीव करते ही उनके मोबाइल का नियंत्रण हैकरों ने अपने कब्जे में ले लिया, इसके बाद डॉक्टर के व्हाट्सएप अकाउंट से उनके परिचितों को पैसे की मांग वाले संदेश भेजे जाने लगे। साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। हैकर्स फर्जी कॉल, लिंक या ऐप डाउनलोड कराने के जरिए मोबाइल का डेटा और नियंत्रण हासिल कर लेते हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर क्लिक न करें और ऐसी किसी घटना की जानकारी तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी थाने में दें।




# छग रजत जयंती के तहत गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगोड़ी

छग राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत घुघरा में किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों की उपस्थिति में गौ माता की पूजा-अर्चना कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग (गौधाम योजना) के जिला सदस्य मनोज त्रिपाठी, कृषि स्थाई सभापति जनपद पंचायत सोनहत ओलेश्वरी अनिल गौतम, मंडल अध्यक्ष सोनहत राजाराम राजवाड़े, ग्राम पंचायत घुघरा की सरपंच चंद्रवती गरूण, उप सरपंच भजनलाल राजवाड़े, किसान मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौटिया कृष्ण राजवाड़े, तथा भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित ग्राम के पंच, सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी, समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण व कृषक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने देसी गौ संरक्षण, उत्पादन और उसके सामाजिक-आर्थिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि गौवंश न केवल ग्रामीण जीवन की आधारशिला है, बल्कि कृषि और पर्यावरण के संरक्षण में भी इसकी भूमिका अहम है। पूरे आयोजन में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और छग रजत जयंती वर्ष के इस पर्व को मिलजुलकर मनाया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम सचिव सीमा त्रिपाठी द्वारा किया गया और अंत में उपस्थितजन का आभार व्यक्त किया गया।



# गौ माता एवं जनकल्याण के लिए अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ वनस्थली सेवा समिति कैलाशपुर से शुरू हुआ सेवा कार्य

वनस्थली सेवा समिति कैलाशपुर द्वारा गौ संरक्षण महायज्ञ के तहत गौ माता एवं आमजन के कल्याण के उद्देश्य से गौ आशीर्वाद धाम वनस्थली की स्थापना कर गौ सेवा अभियान प्रारंभ किया गया है।

समिति के संस्थापक बाल्मिकी दुबे ने बताया कि गौ माता मनुष्य के संचित प्रारब्ध और वर्तमान के पापों का नाश करने तथा जीवन की सभी विघ्न-बाधाओं को दूर करने में समर्थ हैं। उन्होंने कहा कि जिन घरों में गौ माता का पालन होता है, वहां अभाव के बावजूद सुख-शांति बनी रहती है, जबकि जिन घरों से गौ माता हट गई हैं, वहां समृद्धि होने पर भी अशांति का वास है। उन्होंने बताया कि आज जिन आवारा या असहाय गौ माताओं को स्वार्थी प्रवृत्ति के लोग सड़कों पर छोड़ देते हैं, उनकी सेवा व देखभाल गौ आशीर्वाद धाम में की जा रही है। इस कार्य में सहयोग के लिए गौ भक्तों एवं सेवकों का स्वागत है। समिति द्वारा उनके रहने, बिजली-पानी आदि की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। समिति के अनुसार 84 लाख योनि में मनुष्य योनि कर्म योनि है, बाकी सब भोग योनि हैं। मनुष्य अपने वर्तमान और संचित कर्मों के फलस्वरूप सुख-दुःख का अनुभव करता है। गौ माता की सेवा एवं पालन से अनिष्ट का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। वेद, पुराण, शास्त्रों में भी गौ माता की महिमा का विस्तृत वर्णन है। मनुष्य जीवन में माता के दूध के बाद गौ माता का दूध सर्वोत्तम आहार माना गया है। वहीं गोबर और गौमूत्र से उत्पन्न अन्न, फल, औषधि आदि स्वास्थ्यवर्धक व निरापद जीवन के लिए उपयोगी हैं। समिति ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी कमाई का दसवां भाग दान करने की व्यवस्था सभी धर्मों में वर्णित है। भारत में गौ माता का पालन अनादिकाल से प्रत्येक समाज में किया जाता रहा है।

उन्होंने कहा कि गौ माता और वृद्धजन की सेवा शासन स्तर से नहीं, बल्कि घर-घर में संभव है। संस्थापक ने कहा कि जिस घर के बच्चे और बहुएं गौ सेवा नहीं करेंगी, वे भविष्य में वृद्ध माता-पिता की सेवा कैसे करेंगी। गौ माता विश्व की माता हैं और उनका पालन व सेवा करना प्रत्येक मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी से अपील की कि अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए गौ माता की सेवा करें, क्योंकि गौ सेवा इस लोक में सुख-शांति और परलोक में कल्याण का बीमा है।

**गौ संरक्षण महायज्ञ**




पाले जा रहे गौवंश।

**निःशुल्क शिविर में सैकड़ों पशुपालकों को मिला लाभ**

# गोवर्धन पूजा हमारी संस्कृति का आधारः श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखंड के ग्राम धनपुर स्थित श्रीहरि गौशाला में पारंपरिक आस्था और ग्रामीण उत्सव का प्रतीक गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम जनप्रतिनिधि, स्थानीय जनपद सदस्य सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालकों के गाय, बैल, भैंस, बकरी आदि पशुओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा रोग निवारण संबंधी दवाओं का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पशुओं के रख-रखाव, पोषण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि यह प्रकृति, गोवंश और मानव जीवन के गहरे संबंध का प्रतीक है। हमारी संस्कृति में गौ माता का स्थान सर्वोच्च है, और गोवंश संरक्षण से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। सरकार किसानों व पशुपालकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ हर घर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ ग्राम और गंगा हमारी सभ्यता की आत्मा हैं, और इन तीनों की रक्षा से ही भारत आत्मनिर्भर व समृद्ध बनेगा।






### दो दिवसीय करमा महोत्सव का अंतिम दिवस आज

**सोनहत।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में जनपद पंचायत सोनहत द्वारा दो दिवसीय करमा महोत्सव का भव्य आयोजन 23 से 24 अक्टूबर तक मिनी स्टेडियम ग्राउंड सोनहत में किया गया।

आयोजन स्थल पर शाम होते ही पारंपरिक संगीत और नृत्य की गूंज ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत छग महतारी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन और पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सोनहत की सरपंच मानमति सिंह, जनपद सदस्यगण, पंचायत सचिव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। महोत्सव में करमा नृत्य दलों की प्रस्तुति के लिए लॉटरी प्रणाली से चयन किया गया। खंड स्तरीय कुल 12 करमा नृत्य दलों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए तरह-तरह के करतब दिखाए, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीण, महिला वर्ग एवं युवाओं की भारी उपस्थिति रही। सबने झूमते-गाते हुए करमा महोत्सव का आनंद उठाया और अपनी लोक संस्कृति के इस पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।



# बच्चों के साथ करीना-सैफ ने खास तरह से मनाई दिवाली

**मुंबई।** आम लोगों की तरह कई बॉलीवुड सेलेब्स ने खूब धूमधाम से दिवाली का त्योहार मनाया है। किसी ने बेहतरीन आउटफिट में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं तो किसी ने लोगों को शुभकामनाएं दीं। ऐसे में करीना कपूर ने अपने बच्चों के साथ खास तरह से दिवाली मनाई है। करीना अपने बच्चों और सैफ अली खान के साथ एक किड्स क्लब में पहुंचीं और सादगी से उत्सव मनाया। करीना कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को चौंका दिया। एक तस्वीर में करीना कपूर बिना मेकअप के नजर आ रही हैं। एक- दूसरी तस्वीर में सैफ रैक से कुछ उठा रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी में अदा करेंगी लीड रोल

यशराज फिल्म्स की 'सैयारा' में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके कॅरियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, मैडॉक की 'थामा' थिएटर्स में रिलीज हो गई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी। मैडॉक फिल्म्स ने 'थामा' की स्क्रीनिंग के दौरान 'शक्ति शालिनी' का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है। फिल्म 'शक्ति शालिनी' अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। साझा किए गए वीडियो में 'या देवी सर्वभूतेषु' मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, 'रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा। 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा की एंट्री पर उनके फैंस काफी खुश हैं। नेटिजन्स अनीत को बधाई दे रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, 'उम्मीद है कि यह फिल्म शानदार साबित होगी'। बात करें फिल्म 'थामा' की तो इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका-निक ने की लक्ष्मी पूजा

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने विदेश में परिवार और दोस्तों के बीच दिवाली का त्योहार सेलिब्रेट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपराओं का ध्यान रखा। अभिनेत्री ने बिटिया मालती मैरी के साथ बाकायदा घर की सजावट की। फिर परिवार के साथ लक्ष्मी पूजन किया। इसके बाद दोस्तों और परिवार के साथ दिवाली का जश्न मनाया। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिवाली बैश की झलकियां साझा की हैं। प्रियंका चोपड़ा मालती, निक जोनस के साथ लक्ष्मी पूजन कर रही हैं।



# प्रतिभा के धनी थे डोल्डिंगर दास बूट से मिली सफलता

**लॉस एंजिल्स।** वुल्फगैंग पीटरसन की 'दास बूट' और क्लासिक फिल्म 'द नेवरएंडिंग स्टोरी' के प्रतिष्ठित साउंडट्रैक को तैयार करने के लिए जाने जाने वाले महान जर्मन सैक्सोफोनिस्ट और संगीतकार क्लॉस डोल्डिंगर का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। डोल्डिंगर को फिल्मों में सफलता पीटरसन की सबमरीन ड्रामा फिल्म 'दास बूट' से मिली, जो 1981 में रिलीज हुई थी। उनके विरल, इलेक्ट्रॉनिक-रंग वाले साउंडट्रैक ने उन्हें काफी पहचान दिलाई। सिर्फ तार, पीतल और ताल वाद्यों वाले एक न्यूनतम ऑर्केस्ट्रा समूह की पृष्ठभूमि में, संगीतकार ने शुरुआती सिंथेसाइजर का इस्तेमाल करके एक ऐसा ध्वनि परिदृश्य तैयार किया। जो सोनार स्पंदनों, इंजन ड्रोन और द्वितीय विश्व युद्ध के यू-बोट के अंदर के धातुमय वातावरण को दर्शाता है। 12 मई, 1936 को बर्लिन में जन्मे क्लॉस डोल्डिंगर ने पियानो और क्लैरिनेट की शिक्षा ली थी।



# बॉयफ्रेंड राज के साथ शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु लाखों दिलों पर राज करती आ रही हैं। हाल ही में दिवाली के अवसर पर सामांथा ने अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए। सामंथा की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी। अभिनेत्री ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन सबका ध्यान खींचा उनके कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ उनकी तस्वीर ने। सामंथा रुथ प्रभु ने इस दिवाली पर इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन उनमें से एक तस्वीर अपने कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ शेयर की है। जिससे यह साफ हो जाता है कि सामंथा ने दिवाली राज के साथ भी मनाई। सामंथा ने पोस्ट में लिखा, 'कृतज्ञता से भरी हुई।' सामंथा और राज निदिमोरु के रिश्ते की खबरें अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन दोनों ने इस बारे में कुछ नहीं कहा।



# अंग्रेजों के दौर की लाएंगे कहानी

**मुंबई।** प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बुधवार को, टीम ने टाइटल का एक टीजर पोस्टर जारी किया। माना जा रहा है कि इसका टाइटल 'फौजी' होगा। हालांकि, नए पोस्टर में प्रभास का पूरा लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें ग्रेट ब्रिटेन का झंडा देखा जा सकता है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है '1932 से मोस्ट वांटेड।' ऐसे में माना जा रहा है कि यह फिल्म ब्रिटिश शासन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा होगी। इसमें प्रभास संभवतः एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभा सकते हैं। इससे पहले एक पोस्टर जारी किया गया था जिसमें बंदूकों का ढेर लगा था। इसके ऊपर एक शख्स की परछाई थी। इसमें दिवाली की शुभकानाएं भी दी गई थीं।

टीवी मसाला



# केबीसी में पहुंचीं ठेला लगाने वाले की बेटी

**नई दिल्ली।** शो केबीसी 17 में कई प्रतियोगी आते हैं, जो अपने संघर्ष की कहानी अमिताभ बच्चन को सुनाते हैं। हालिया साझा किए गए एक प्रोमो में बिहार से संबंध रखने वाली प्रियंका कुमारी 'केबीसी 17' की हॉट सीट पर बैठीं। प्रियंका ने चाटा का ठेला लगाने वाले अपने पिता के स्ट्रगल को अमिताभ बच्चन को बताया। जिसे सुनकर अमिताभ ने प्रतियोगी के पिता की सराहना की। केबीसी 17 के प्रोमो में प्रियंका कुमारी अमिताभ बच्चन से कहती हैं, 'मैं एक स्टूडेंट हूं, सिविल सेवा की तैयारी करती हूं। मैं चाहती थी कि कुछ भी हो अपना खर्चा खुद उठा सकूं। पापा के ऊपर बोझ न बनूं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं ट्यूशन देती हूं जिससे कुछ कमाई हो सके, जिसमें मैं पापा को सपोर्ट कर सकूं।' ऑडियंस के बीच बैठे अपने पिता की तरफ इशारा करते हुए प्रियंका ने आगे कहा, 'आज मेरे साथ जो आए हैं, वो मेरे जीवन के असली हीरो हैं। मेरे पापा। वह चाट का ठेला लगाते हैं। बाकी सभी को छुट्टी मिलती है, रविवार को छुट्टी मिलती है, त्योहारों पर मिलती है, लेकिन मेरे पापा कभी छुट्टी नहीं लेते हैं। धूप हो, बारिश हो, कोई भी मौसम हो, कुछ भी हो वो हमेशा काम पर जाते हैं। और उनकी मेहनत और उनका सपोर्ट आज मुझे यहां तक लेकर आया है।' अमिताभ बच्चन ने प्रियंका कुमारी के पिता को देखकर कहा, 'बेटी के बारे में आप इतना सोच रहे हैं, ये बहुत ही गर्व की बात है।' आगे प्रियंका कुमारी के पिता ने बताया कि लोग कहते हैं कि बेटी को क्यों पढ़ा रहे हो लेकिन वह ऐसा नहीं सोचते हैं। वह कहते हैं, 'देखिए, बेटी की वजह से ही मैं आज आप जैसी महान हस्ती को साक्षात देख पा रहा हूं।'


## फरहाना के साथ तू-तड़ाक पर उतरीं मालती

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में मालती चाहर और फरहाना भट्ट किसी बात पर लड़ती दिख रही हैं। मालती ने फरहाना से कहा, हम लोग तुम्हारे ऊपर मजाक बनाते हैं कि तुम्हें कोई भी आसानी से प्रयोग कर लेता है। इसके जवाब में फरहाना कहती हैं, कौन करता है ऐसा नाम बोलो। फिर मालती ने कहा, इतने देर में तुम्हें पता नहीं चला, मुझे नाम याद नहीं रहता यहां पर कि कौन क्या बोल रहा है। इसपर फरहाना ने कहा, यही तुम्हारी दिक्कत है कि तुम्हें कोई चीज याद नहीं रहती फिर तुम अपनी कहानियां बनाती हो। इसके बाद मालती फरहाना को कई उदाहरण देते हुए कहती हैं उन्हें कोई कुछ भी बोलता है, तो वो सीधे मान लेती हैं। शो का एक और प्रोमो सामने आया है, जिसमें नेहल चुडासमा को बसीर अली के पैर पर सिर रखकर लेटा हुआ देखा जा सकता है। यह देख कुनिका ने कहा, 'इस पल को एंजाय करो दोस्तों और आगे का सोचो।



# अक्षय-ट्विंकल ने रोमांटिक अंदाज में मनाई दिवाली, कृति ने घर पर दी पार्टी





**नई दिल्ली।** दिवाली 2025 को बॉलीवुड के सितारों ने धूमधाम से सेलिब्रेट किया। किसी ने अपने प्रशंसकों से मुलाकात की, तो किसी ने परिवार संग तस्वीरें साझा कर इस त्योहार की झलक भी दिखाई है। इस कड़ी में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सोनम कपूर से लेकर कई सेलेब्स शामिल हैं।

***अक्षय-ट्विंकल ने मनाई दिवाली :*** अक्षय कुमार ने अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ दिवाली मनाई है। ट्विंकल खन्ना ने अक्षय कुमार के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अक्षय कुमार को कुछ खिला रही हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'लंदन में दिवाली। सब सज-धज कर तैयार हैं, लेकिन मिठाई नजर नहीं आ रही। अब असली मिठाई के साथ मंदिर जाएंगे। सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। आपकी दुनिया रोशनी, प्यार और हंसी से भर जाए।'

***कार्तिक आर्यन :*** कार्तिक आर्यन ने खास अंदाज में दिवाली मनाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह एक पिल्ले को चूम रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा 'हर दिवाली को एक छोटे से आर्यन की जरूरत होती है! अब तक का सबसे अच्छा दिवाली उपहार।


***कृति सेनन :*** कृति सेनन ने अपने करीबी लोगों के साथ दिवाली मनाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है 'प्यार, रोशनी, हंसी, लोगों से घिरे रहना, सुबह तक पंजाबी संगीत पर नाचना बहुत पसंद है! क्या यह साल का सबसे अच्छा समय नहीं है?'

***रश्मिका मंदाना :*** दिवाली के मौके पर अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए रश्मिका मंदाना ने लिखा है 'दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी को हमेशा प्यार और रोशनी भेजती हूं।'

***शाहरुख ने साझा की दिवाली की तस्वीर :*** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर साझा कर दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा, सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। मां लक्ष्मी जी आप सभी को समृद्धि और खुशियां प्रदान करें। सभी के लिए प्रेम, प्रकाश और शांति की कामना करता हूं।

# दीपिका ने बेटी दुआ का पहली बार दिखाया चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों पूरा देश दिवाली के उत्सव में डूबा है। कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी अपने-अपने हिसाब से दिवाली मनाई है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने भी खास अंदाज में दिवाली मनाई है। दोनों ने एथनिक ड्रेस में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही अपनी बेटी 'दुआ पादुकोण सिंह' का चेहरा दिखाया है। दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ पादुकोण के साथ इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए हैं। दुआ और दीपिका को रणवीर सिंह ने संभाला है। तीनों खुश लग रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा है 'दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।' इस पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। दीपिका पादुकोण की तस्वीरों को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं।



## 1970 के दशक से लेकर अभी तक हर किरदार में दर्शकों का किया मनोरंजन

# कॉमेडी के सरताज असरानी ने की इन फिल्मों में कमाल की अदाकारी

**शोले :** रमेश शिप्पी के निर्देशन में साल 1975 में 'शोले' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने जेलर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके संवाद 'हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं' अमर हो गया है। इस डायलॉग को आज की पीढ़ी भी धड़ल्ले से उपयोग करती है। दिवंगत अभिनेता ने इसे हिंदी सिनेमा के सबसे यादगार किरदारों में से एक बना दिया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

**चुपके चुपके :** ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'चुपके चुपके' में असरानी ने प्रशांत कुमार श्रीवास्तव की भूमिका अदा की थी। अभिनेता ने एक मजाकिया और चतुर आदमी का रोल किया था। उनके संवाद और कॉमेडी टाइमिंग ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

**नमक हराम :** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और रेखा अभिनीत 'नमक हराम' फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इस फिल्म में असरानी ने धोंधू की भूमिका निभाई थी। 1973 में रिलीज हुई इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में असरानी के किरदार ने सभी का ध्यान खींच लिया था।

**भूल भुलैया :** प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2007 में 'भूल भुलैया' फिल्म रिलीज हुई थी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में असरानी ने कर्मचारी मुरारी का किरदार निभाया था। अभिनेता ने इस मनोवैज्ञानिक कॉमेडी में अपनी कॉमेडी टाइमिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था।







***नई दिल्ली।*** *असरानी, हिंदी सिनेमा का वो नाम थे, जिन्होंने अपनी हास्य प्रतिभा से हर पीढ़ी को गुदगुदाया। 1970 के दशक से लेकर अभी तक असरानी ने हर किरदार में दर्शकों का शानदार मनोरंजन किया। चाहे 'शोले' में जेलर की भूमिका हो या 'दे दना दन' में सुपारी किलर मामू की भूमिका हो। सभी किरदारों को उन्होंने मन से जिया। अब अभिनेता तो इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके रोल अमर हो गए हैं।*

***धमाल :*** *साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'धमाल' में असरानी ने नारी कॉन्ट्रैक्टर की भूमिका निभाई थी। इस कॉमेडी फिल्म में उन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया था। फिल्म में संजय दत्त, अरशद वारसी, जावेद जाफरी जैसे कलाकार मौजूद थे। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया था।*

***हेरा फेरी :*** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2000 में 'हेरा फेरी' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने बैंक मैनेजर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी की अनुभवी कॉमिक टाइमिंग का फायदा मिला, उनकी सहायक भूमिका ने दर्शकों को हंसाया और कई यादगार क्षण बॉलीवुड के इतिहास में दर्ज हो गए।*

***खट्टा मीठा :*** *साल 2010 में रिलीज हुई 'खट्टा मीठा' में असरानी ने करोड़ीमल की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, तृषा कृष्णन और राजपाल यादव जैसे कलाकार मौजूद थे।*

***दे दना दन :*** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2009 में 'दे दना दन' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने सुपारी किलर मामू की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी के रोल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।*

## खबर संक्षेप

### श्रेष्ट योजना अंतर्गत वर्ष 26-27 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**बलरामपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ (स्कीम फॉर रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट इन हाई स्कूल इस इन टारगेट एरियाज) योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिसके अंतर्गत निजी विद्यालय न्यूनतम पांच वर्षों से कार्यरत होना, पिछले तीन वर्षों के दौरान कक्षा 10वी और 12वी में कम से कम 75 उत्तीर्ण प्रतिशत, तथा कक्षा 9वी और 11वी में अतिरिक्त (कम से कम 10) अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध होना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (श्रेष्ठ) के माध्यम से कक्षा 9वी और 11वी में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वी तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आवंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 2026-27 के लिए परीक्षा का आयोजन संभवतः दिसंबर 2025 में किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।

### सीजी आइडिएथॉन में 29 तक ऑनलाइन आवेदन

अम्बिकापुर। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि राज्य में नवाचार एवं स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने हेतु सीजी आइडिएथॉन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं में सृजनात्मकता और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हुये उनके अभिनव विचारों की पहचान कर उन्हें राज्य की नवाचार एवं स्टार्टअप परिस्थितिकी से जोड़ना है। इस हेतु इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन 29 अक्टूबर तक सीजी आइडिएथॉन पोर्टल में जाकर कर सकते हैं। उन्होंने जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों को पत्र जारी कर कार्यक्रम में हिस्सा लेने प्रोत्साहित करने कहा है।

### मैनपाट से उतरते समय पलटा पिकअप, ग्रामीण घायल

**अंबिकापुर।** गोवर्धन पूजा मनाकर लौट रहे ग्रामीणों की पिकअप पलट गई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि बुधवार को गोवर्धन पूजा के लिए संत समाज के लोग मैनपाट के सुपलगा गए हुए थे। दिनभर पूजा पाठ करने के बाद सभी पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 7583 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान मैनपाट घाट उतरने के दौरान चालक ने पिकअप से नियंत्रण खो दिया और पिकअप सड़क किनारे पलट गया। इस घटना के बाद घायलों में चीख पुकार मच गई। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे सांसद चिंतामणि महाराज ने वाहन से नीचे उतरकर घायलों का हाल चाल जाना और उन्हें दरिमा के नवानगर अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

## सभी शासकीय भवनों में होंगी रोशनी

# कोरिया में तीन दिवसीय राज्योत्सव की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग राज्य गठन के अवसर पर जिले में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अधिकारियों को गुरूवार को बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए सभी तैयारियों की जवाबदेही तय की। जिले के सभी शासकीय भवनों में 1 से 5 नवंबर तक विशेष रोशनी की जाएगी।

कलेक्टर ने सभी विभागों को अपने उपलब्धियों की प्रदर्शनी और स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में हासिल की गई विकास यात्रा आम जनता के सामने प्रदर्शित की जानी चाहिए। कृषि क्षेत्र की तैयारियों पर भी कलेक्टर ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर तक एग्रीस्टेक पोर्टल पर



बैठक लेती कलेक्टर।

किसानों का पंजीकरण होना जरूरी है। सभी एसडीएम और तहसीलदार समय-सीमा के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित करें। धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी और 9 नवंबर को पंजीकृत किसानों को टोकन जारी किए जाएंगे। इसके लिए बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मार्कफेड अधिकारी से कहा कि किसानों को कटे-फटे बोरी नहीं दें। धान खरीदी केन्द्रों में सुरक्षा और बिजली, पानी जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही बिजली विभाग से कहा गया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को जोड़े। जिला शिक्षा अधिकारी को जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि राज्योत्सव और धान खरीदी की तैयारियां समय पर पूरी हों और जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, श्रीमती दीपिका नेताम, एसडीएम उमेश पटेल, अंशुल वर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री आकाश पोद्दार, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ए.टोप्पो, कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती, जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल, जिला कोषालय अधिकारी पीएस परिहार सहित विभिन्न विभागों अधिकारी उपस्थित रहे।



# एमसीबी में संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज. खड़गवां

शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखंड खड़गवां में किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. उमा खापर्डे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज और डॉ. भाषिता साहू के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी नेत्र सहायक अधिकारी 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक घर-घर जाकर नेत्र स्वास्थ्य सर्वे करेंगे। इस दौरान आरएचओ द्वारा पूर्व में तैयार सर्वे सूची का सत्यापन सुपरवाइजर, मितानिन और आरएचओ के सहयोग से किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष प्रताप सिंह एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार के नेतृत्व में यह अभियान नियोजित कार्ययोजना के तहत संचालित हो रहा है।

तय कार्यक्रम के अनुसार खड़गवां सेक्टर में दो दिन, सलका सेक्टर में दो दिन और चिरमिरी शहरी क्षेत्र में दो दिन सर्वे कार्य किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) राम करन साहू ने बताया कि यह सत्यापन कार्य पूरे राज्य में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। एमसीबी जिले में इसका शुभारंभ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के गृह विकासखंड से किया गया है। इस दौरान सर्वे टीम घर-घर जाकर नेत्र रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी जानकारी एकत्र करेगी। पहचान किए गए मोतियाबिंद पीड़ितों का ऑपरेशन जिला अस्पताल में कराया जाएगा, वहीं अन्य नेत्र रोगों जैसे ग्लूकोमा, डाइबिटिक रेटिनोपैथी, दृष्टिदोष, मायोपिया, लो विजन, कंजक्टिवाइटिस आदि से पीड़ित व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर राज्य कार्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी, ताकि उन्हें समुचित उपचार मिल सके। इस सर्वे का उद्देश्य उन लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है जो अस्पताल नहीं पहुंच पाते। नेत्र परीक्षण कार्य में नेत्र सहायक अधिकारी आरडी दीवान, आरएस चेचाम, दशरथ, वीरेन्द्र साव, रजनीश, अरूण, उमाशंकर और रीमा की टीम सक्रिय रूप से भाग ले रही है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर याद किए गए शहीद छात्र

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर दो शहीद छात्र शहीद बृजभूषण लाल श्रीवास्तव एवं शहीद हुसनैन अंसारी की वीरता को याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया गया। उन्होंने बताया कि शहीद बृजभूषण लाल श्रीवास्तव बीए वर्ग के छात्र रहे, जिन्होंने 15 मार्च 2007 को बस्तर में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर किए।

वहीं शहीद हसनैन अंसारी बी.कॉम वर्ग के छात्र रहे, जो 11 जून 2011 को बस्तर में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए। डॉ. हिमधर ने कहा कि महाविद्यालय परिवार को




इन दोनों वीर सपूतों की वीरता और बलिदान पर गर्व है। कार्यक्रम के संयोजक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुरंजन कुजूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। जब भी देश के लिए कुछ करने का अवसर मिले, उसे गर्वपूर्वक निभाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजन ने दो मिनट का मौन रखकर दोनों शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों मौत हो गई। बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल तो युवक को निजी अस्पताल में कराया गया था भर्ती। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अमल भिट्ठी निवासी भगवती राजवाड़े आ. स्व. भुनेश्वर राजवाड़े (13 वर्ष) 21 अक्टूबर की शाम घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सरगवां निवासी लहोरे सिंह आ. फूल सिंह (37 वर्ष) पिछले 12 साल से कैंसर बीमार से पीड़ित था। गत दिन नशे की हालत में कीटनाशक पीकर घर पहुंचा और शोर मचाने लगा।

# उम्मीद और मनोदर्पण से प्रेरित मानसिक स्वास्थ्य नीति स्कूलों में होगी लागू

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाओं को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तैयार किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी सरकारी व निजी स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, प्रशिक्षण संस्थान और छात्रावासों में उम्मीद और मनोदर्पण से प्रेरित मानसिक स्वास्थ्य नीति लागू करनी होगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत 100 या अधिक विद्यार्थियों वाले संस्थानों में प्रशिक्षित परामर्शदाता या मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति अनिवार्य होगी, जबकि छोटे संस्थानों को बाह्य मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सहयोग लेना होगा। इस पहल से विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, आत्महत्या जैसी घटनाओं की रोकथाम और संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगी।

### बाजार गए बालक का अपहरण कर मांगी 10 हजार की फिरौती

**वाड्रफनगर।** नाबालिग का अपहरण कर 10 हजार रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रघुनाथ नगर थाना के बलंगी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनिसार ग्राम कोगवार निवासी 36 वर्षीय रामदास यादव आ. रामनेवाज यादव का 15 वर्षीय पुत्र नीतीश यादव 20 अक्टूबर को ग्राम कोगवार बाजार गया हुआ था। इस दौरान शाम 6 बजे युवक के पुलिस मनीष के मोबाइल नम्बर पर फोन नीतीश ने ने फोन कर बताया कि दुलेश्वर यादव व सहित अन्य ने उसका अपहरण कर लिया है और 10 हजार रुपए मांग रहे है।

# माड़ीसरई में रजत जयंती महोत्सव की गूंज




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिले के भरतपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत माड़ीसरई में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और ग्रामीण उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषकों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना था।

आयोजन स्थल पर सुबह से ही ग्रामीणों, कृषकों, महिला स्व-सहायता समूहों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास का आधार मजबूत किसान हैं, और आज राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं कृषकों के आर्थिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को भी कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति सभापति श्रीमती सुखमंती सिंह रही। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर किसान तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसके लिए विभागों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष मायाप्रताप सिंह ने ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का किसान सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़कर आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ बन सकता है। मंडल अध्यक्ष भरतपुर नरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व में आज छग कृषि क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। इसी क्रम में उद्यान विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग और कृषि विभाग द्वारा कृषकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्टीय कृषि विकास योजना, मत्स्य पालन सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री गौठान न्याय योजना, उद्यानिकी मिशन, पशुधन संवर्धन योजना, जैविक खेती अभियान सहित कई योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी साझा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता चौधरी, जनपद सदस्य भारती वेनवंश, जनपद सदस्य राजकली, कैलाश सिंह कृषि स्थायी समिति सभापति जनपद पंचायत भरतपुर, जनपद सदस्य सुखलाल मरावी, सरपंच ग्राम पंचायत माड़ीसरई, सरपंच ग्राम पंचायत हरचौका, सरपंच ग्राम पंचायत बड़वाही सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रमाशंकर मिश्रा ने की। इस दौरान समस्त कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने कृषकों के सवालों का समाधान किया और योजनाओं के व्यवहारिक क्रियान्वयन पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में कृषकों को तकनीकी जानकारी, मिट्टी परीक्षण, बीज वितरण, पशु चिकित्सा सलाह एवं उद्यानिकी प्रशिक्षण भी दिया गया। विशेष रूप से महिला कृषक समूहों ने जैविक खाद निर्माण, सब्जी उत्पादन, और पोल्ट्री फार्मिंग के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए।

# पटवारी ने महिला की जमीन बेचने के नाम पर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पटवारी द्वारा दूसरे की जमीन को धोखे से बेचने के नाम पर 14 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी हल्का पटवारी ने एक बुजुर्ग महिला के जमीन के दस्तावेज के आधार पर खुद ही सौदे बाजी कर ली और एडवांस में रुपए भी ले लिया लेकिन बाद में जमीन रजिस्ट्री करने से मुकर गया। अब इस मामले में जांच उपरान्त पटवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

> ■ 14 लाख रुपए लेकर वसूले, जब नहीं हुई जमीन की रजिस्ट्री को खुला ठगी का राज

बताया जा रहा है कि धौरपुर के करौली निवासी मुनेश्वर राम पैकरा के मित्र शिक्षक अनुक दास को करौली के ही हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का ने एक जमीन बिक्री की जानकारी दी थी। पटवारी ने बताया था कि करौली निवासी हिरमनिया खसरा नंबर 203 में रकबा 0.124 हेक्टेयर भूमि को बेचना चाहती है। उसने जमीन बिक्री के लिए 16 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा था। ऐसे में मुनेश्वर राम पैकरा, शिक्षक अनुक दास व शिक्षक सूर्यदेव तिग्गा ने मिलकर रुपए की व्यवस्था की और पटवारी जीवन प्रकाश एक्का



को 16 दिसम्बर 2024 को 9 लाख रुपए एडवांस दिया था। इस दौरान हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का और भूमि विक्रेता हिरमनिया के नाम पर 50 रुपए के स्टांप पर पर लिखा पढ़ी भी की गई थी। इसके साथ ही महिला हिरमनिया की तबीयत खराब होने का हवाला लेकर उपचार के नाम पर फिर से 5 लाख 12 हजार 950 रुपए लिया गया था और उसी स्टांप पर खाली स्थान में रुपए लेने की बात लिखकर हस्ताक्षर किया गया था। 14 लाख रुपए से अधिक की राशि लेने के बाद भी जब जमीन उनके नाम नहीं हुई तो ग्रामीणों ने पटवारी से संपर्क किया लेकिन वह टालमटोल करता रहा। महीनों तक पटवारी द्वारा परेशान किए जाने के बाद ग्रामीण उक्त भूमि स्वामी के पास पहुंचे जिसके बाद इस ठगी के खेल का खुलासा हुआ। महिला पटवारी ने मुनेश्वर राम, शिक्षक अनुक दास व सूर्यदेव को बताया कि वो अपना जमीन नहीं बेचना चाहती है और ना ही उसने पटवारी को उसके जमीन का सौदा करने के लिए बोला है। ऐसे में ठगी का एहसास होने पर ग्रामीण व शिक्षकों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी पटवारी ने महिला से धोखे से उसके जमीन के दस्तावेज लिए थे और उसी दस्तावेज के आधार पर आरोपी ने महिला की जमीन के नाम ठगी करने की योजना बनाई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हल्का पटवारी लुंड्रा सिलसिला निवासी 38 वर्षीय जीवन प्रकाश एक्का आ. निर्मल एक्का को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का के पास से स्टांप व अन्य दस्तावेज को जब्त करने के साथ ही बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर अश्वनी दीवान, महिला आरक्षक ज्योति पैकरा, आरक्षक प्रदीप बखला, हरिकिशन, पंकज देवांगन सक्रिय रहे।

# बुजुर्ग ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग, हुई मौत

**अंबिकापुर।** बुधवार को शहर के नमनाकला में रहने वाले एक बुजुर्ग ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग में पेट्रोल उड़ेलकर खुद को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि 85 वर्षीय बुजुर्ग दुर्गा प्रसाद पटेल शहर के नमनाकला तुलसी चौक के समीप किराए के मकान में रहते थे। बुधवार की सुबह 11 बजे बुजुर्ग के कमरे से चीख पुकार सुनकर मकान मालिक मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। बुजुर्ग आग की लपटों में घिरे हुए थे। ऐसे में मकान मालिक ने पानी डालकर आग बुझाई लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। इस घटना की सूचना मिलने पर दुर्गा पटेल का पुत्र अजय पटेल और बहु घर पहुंचे। अजय पटेल निजी कंपनी में काम करते है जबकि उनकी पत्नी नर्सिंग का काम करती है। बुधवार की सुबह 10 बजे दोनों काम पर चले गये थे। संभावना जताई जा रही है ।

TOP IN CORIYA
प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी
पता- होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान:- जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना
रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- +5% GST
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411